Hindi

हॉल्टन विज्ञान सुरक्षा अनुबंध (2014/2015)

आप अपनी सुरक्षा के लिए तथा अपने आसपास के लोगों की सुरक्षा के लिए ज़िम्मेदार हैं। यदि आप सुरक्षित और ज़िम्मेदारीपूर्ण तरीके से काम नहीं करते हैं तो आपके सभी विज्ञान प्रयोगशाला अधिकार ले लिए जाएंगे।

सुरक्षा संबंधी सामान्य सावधानियां

1. प्रयोगशाला में कभी भी किसी प्रकार की हंसी-ठट्ठा न करें। प्रयोगशाला में दूसरों का भी ध्यान रखें।
2. प्रयोगशाला अथवा तैयारी कक्ष में कोई भी छात्र बिना निगरानी नहीं होना चाहिए।
3. अपनी प्रयोगशाला के लिए तैयारी करें। सभी सुरक्षा सावधानियों से संबंधित कार्यविधियों को पढ़ लें।
4. प्रयोगशाला की बेन्चों पर न बैठें।
5. प्रयोगशाला कार्य करते समय छात्रों को खड़ा रहना जरूरी है।
6. प्रयोग करने के दौरान अपने काम की जगह को स्वच्छ और व्यवस्थित रखें।
7. कोई अनधिकृत प्रयोग नहीं।
8. ब्यूटेन लाइटर, माचिसें और अन्य ज्वलनशील सामग्री किसी भी हाल में कक्षा में नहीं लाई जानी चाहिए।
9. प्रयोगशाला में न तो कुछ खाएं न पीएं और न गम चबाएं। आपके भोजन में नुकसानदेह रसायन जा सकते हैं।
10. प्रयोगशाला में कभी भी किसी रसायन या सामग्री को न चखें।
11. जब तक कहा न जाए, रसायनों को न सूंघें। दूर से सूंघने की तकनीक का प्रयोग करें।

सुरक्षा साज-सामान

1. प्रयोगशाला में समस्त साज-सामान की जगह की जानकारी रखें। आग बुझाने के यंत्र, आई वाश स्टेशन, प्राथमिक चिकित्सा किट, आग लगने पर बाहर निकलने के रास्ते और फायर अलार्म।
2. सभी प्रयोगों के दौरान सेफ्टी गागल्स पहना जरूरी है। कान्टेक्ट लेंस नहीं पहनने चाहिए: इसके बजाए गागल्स के साथ डॉक्टरी तौर पर लिखे गए ग्लास पहनें।
3. जब भी ऊष्मा अथवा संक्षारक रसायनों का प्रयोग किया जाता है तो गागल्स पहनना जरूरी है।
4. प्रयोगशाला कार्यकलाप के दौरान सही कपड़े पहनें। लंबे बालों को पीछे बांधना, और गहने व ढीले कपड़ों को सही कसना जरूरी है। जूतों से पूरे पैर ढके होने जरूरी हैं। प्रयोगशाला वाले दिनों पर सैंडल पहनने की अनुमति नहीं है।
5. आपका अध्यापक अतिरिक्त सुरक्षा साज-सामान लगाने के लिए कह सकता है, जिसे पहनना जरूरी है।

रसायन को संचालित करना

1. प्रयोगशाला में रखे गए सभी रसायनों को खतरनाक माना जाएगा। रसायनों को अपनी त्वचा या आंखों के संपर्क में न आने दें।
2. किसी भी रसायन की बोतल से कोई भी सामग्री निकालने से पहले, दो बार उसके लेबल को पढ़ लें। जितना आपको चाहिए केवल उतना लें।
3. प्रयोग न किए गए रसायन को कभी भी वापस उसकी बोतल में न रखें। अपने अध्यापक द्वारा बताए गए अनुसार रसायनों का निपटान करें।
4. कोई भी रसायन नाली में नहीं डालें। अध्यापक द्वारा बताए गए अनुसार रसायनों का निपटान करें।
5. प्रयोगशाला क्षेत्र से कभी भी रसायनों या अन्य सामग्री को न हटाएं।
6. पात्रों पर WHMIS अथवा HHPS के संकेत देखें।

कांच के सामान को संचालित करना

1. चटकी या टूटी हुई कांच की चीज़ों का प्रयोग न करें।
2. टूटे हुए कांच की रिपोर्ट अध्यापक को करनी जरूरी है। वह फिर सफाई करने और सुरक्षित निपटान के निर्देश देगा। कांच के निपटान के लिए एक निर्धारित कांच निपटान पात्र रखा गया है।
3. यदि किसी फ्लास्क में गैस बन रही हो, तो उस पर कसकर स्टॉपर न लगाएं। वह फट सकता है।
4. अगले छात्र की सुरक्षा के लिए, बीकरों और फ्लास्कों की बगल पर लगी टपकन को साफ कर दें।
5. प्रयोगशाला कार्य के अंत में सभी कांच की चीज़ों को साफ करके लौटाएं।

कांच के सामान को गर्म करना

1. आपके अध्यापक द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार लैंप बर्नर को जलाएं। ऊष्मा के किसी स्रोत को कभी भी लावारिस न छोड़ें।
2. गर्म कांच गर्म नहीं दिखाई देता है। हाल में गर्म किए गए कांच के सामान को चिमटी से पकड़ें।
3. गर्म कांच के सामान को ठंडे पानी में न डुबोएं। कांच का सामान टूटकर बिखर सकता है।
4. जब किसी टेस्ट ट्यूब को गरम कर रहे हों, तो हमेशा टेस्ट ट्यूब को अपने से और दूसरों से दूर की ओर करें। कभी भी गर्म किए जा रहे पात्र में न देखें।

बिजली सम्बन्धी साज-सामान को संचालित करना

1. पानी और गीले हाथों को बिजली की तारों, प्लगों और सॉकेटों से दूर रखें।
2. बिजली के प्लगों में कोई भी सामग्री न घुसाएं।
3. बिजली के स्रोतों के निकट ज्वलनशील सामग्री न रखें।
4. सॉकेट से बिजली की तार हटाने के लिए हमेशा प्लग को पकड़ कर खींचें, न कि तार को।
5. सुनिश्चित करें कि बिजली की तार ऐसी जगह न रखी हों जहां कोई व्यक्ति उनसे उलझकर गिर जाए।
6. बैटरियों को न खोलें क्योंकि उनकी सामग्री संक्षारक और जहरीली हो सकती है।

प्रक्षेपकों पर काम करना

1. प्रक्षेपकों की दिशा दर्शकों एवं लाइट फिक्सचर्स से दूर रखें जहां वे बाधा-रहित क्षेत्रों में गिरें।
2. जब भी प्रक्षेपक लॉन्च किया जाना हो, दर्शकों को संभावित खतरों की जानकारी दें।

3. ऊपर खिड़कियों अथवा सीढ़ियों से तब तक लॉन्च न करें जब तक कि उस क्षेत्र को दूसरे व्यक्ति द्वारा नियंत्रित न किया जा सकता हो और जब तक वह क्षेत्र बाधाओं से मुक्त न हो।
4. जब भी आंखों को चोट लगने का खतरा हो, आंखों की सुरक्षा का सामान लगाएं।

लेज़र के साथ काम करना

1. लेज़र बीम में न देखें।
2. लेज़र बीम को किसी व्यक्ति की आंख की ओर निर्देशित न करें।
3. प्रकाश के स्रोत पर सीधे लेन्स में न देखें।

दुर्घटनाएं और चोटें

1. सभी दुर्घटनाओं और चोटों के बारे में अध्यापक को रिपोर्ट करें, भले ही वे कितनी छोटी क्यों न हों?
2. यदि रसायन त्वचा पर फैलते हैं तो जितनी देर तक अध्यापक ने निर्देश दिया हो उतनी देर तक बहते पानी से अच्छी तरह धोएं।
3. यदि आंख में रसायन चले गए हैं, तो उसे तुरंत 30 मिनट तक आई वॉश स्टेशन में धोएं। पलकें खुली रखें।
4. यदि कोई रसायन बिखर जाता है तो तुरंत अध्यापक को बताएं और सुरक्षित रूप से साफ करने के निर्देशों का पालन करें।
5. यदि कोई आग लगती है, तो तुरंत किसी स्टाफ सदस्य को सूचित करें। याद रखें, यदि आपके शरीर पर आग लग जाती है, तो बंद करें ... नीचे बैठ जाएं ... लुढकें के नियम का प्रयोग करें।

प्रयोगशाला कार्य पूरा होने के बाद।

1. कांच की सभी चीजें और सामग्रियां साफ करें और सभी चीजें निर्देशों के अनुसार एक तरफ रख दें।
2. प्रयोगशाला की बेन्चों को पोंछ दें।
3. अपने अध्यापक द्वारा बताए गए अनुसार रसायनों और सामग्रियों का निपटान करें। सिंक साफ होने चाहिए और उनमें कोई भी ठोस सामग्री नहीं होनी चाहिए।
4. सेफ्टी गागल्स को रोगाणुमुक्त करें और संभालने की निर्धारित जगह पर रख दें।
5. साबुन और पानी से हाथ धो लें।

*** यदि आप किसी चीज के बारे में निश्चित नहीं हैं, तो अपने अध्यापक से पूछें!!***

छात्र सुरक्षा घोषणा

1. मैंने प्रयोगशाला सुरक्षा नियमों को पढ़ लिया है।
2. मैं अपनी और अपने साथियों की सुरक्षा के लिए सुरक्षा नियमों का पालन करूंगा(गी)।
3. मुझे मालूम है कि प्रयोगशाला सुरक्षा नियमों का पालन न करने पर मेरे प्रयोगशाला अधिकार रद्द किए जा सकते हैं।

छात्र के हस्ताक्षर ______________________________ दिनांक ______________________________

प्रिय माता-पिता/ अभिभावक,

ऊपर दिए गए नियम हॉल्टन स्कूल बोर्ड की नीति हैं ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आपका पुत्र या पुत्री सुरक्षित तरीके से विज्ञान प्रयोगशालाओं में भाग ले सके और उनका आनंद ले सके। कृपया अपने पुत्र या पुत्री के साथ इन नियमों पर चर्चा करें। यदि इन नियमों का पालन नहीं किया जाता है, जिसमें अनुपयुक्त पोशाक पहनना भी शामिल है, तो हो सकता है आपका बच्चा प्रयोगशाला कार्यकलापों में भाग न ले पाए। ये प्रयोगशाला नियम ______________________________ पर देखे जा सकते हैं।

माता-पिता के हस्ताक्षर ______________________________ दिनांक ______________________________